हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 गणित व विज्ञान के आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी ने किया रोमांचित



12 पहंदा में ठंड के मौसम में गहराया जलसंकट, निस्तारी की परेशानी बढ़ी





## खबर संक्षेप

### भर्तीः दावा-आपत्ति लेंगे आज तक

**मुड़पार सरसीवां ।** सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम सुवरगुड़ा, उधरा मिनी, रक्सा, खैरा छोटे और अमलीपाली–अ के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती प्रक्रिया में मूल्यांकन समिति द्वारा तैयार सूची में किसी अभ्यर्थी, आवेदिकाओं को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे 1 जनवरी 2024 शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी कार्यालय, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में उपस्थित होकर दस्तावेजी साक्ष्य सहित अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा- आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे। केवल कार्यालयीन स्तर से हुई लिपिकीय त्रुटि पर दावा आपत्ति मान्य होगी। नियत तिथि व समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला स्तरीय पुरस्कार नामांकन कल तक

**मुड़पार सरसीवां ।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए उत्सुक अधिकारी, कर्मचारी तैयार किए गए क्रियेटिव, स्लोगन को संकलित करते हुए जिला स्तरीय बीएलओ पुरस्कार और प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार के लिए अपना नामांकन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ में 2 जनवरी तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अधिक शराब पी, ब्यारा में मिली लाश

**महासमुंद।** घर से अत्यधिक शराब का सेवन कर निकले अधेड़ की लाश उसके ही ब्यारा के पास के खेत में मिली। मामला महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम बनसिवनी का है। जहां बीते रविवार को मृतक द्वारपाल पिता स्व. सेवाराम ध्रुव निवासी बनसिवनी घटनास्थल पर मृत अवस्था में मिला। पुत्र हितेश्वर ध्रुव की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### आपसी रंजिश पर रास्ते में रोककर मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अम्लेश्वर निवासी दिलीप सोनकर ने मुकुंद तथा अश्वनी सोनकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। दिलीप ने पुलिस को बताया कि दोनों ने आपसी रंजिश के चलते भाठागांव स्थित पानी टंकी के पास उसे रास्ते में रोककर मारपीट की।

### दुकान के सामने रखे दो प्रिंटर पार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ दुकान के सामने रखे 29 हजार रुपए के दो नग प्रिंटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जयराम कांप्लेक्स स्थित तुलसी ट्रेडर्स के संचालक अनुपम अग्रवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अनुपम ने पुलिस को बताया कि दुकान के सामने बिक्री के लिए रखे गए प्रिंटर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

### कार ठीक से चलाओ कहने पर पीटा

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक बाइक चालक ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजातालाब निवासी आफताब अंसारी ने कार सीजी 04 एनक्यू 9955 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आफताब ने पुलिस को बताया कि पंडरी के पास कार चालक लापरवाही कार चलाते हुए उसकी बाइक को ठोकर मार दी। कार ठीक से चलाने की बात कहने पर कार चालक ने आफताब तथा उसके साथी से मारपीट की।

# जिले में एक बार फिर कोरोना ने दी दस्तक, अब तक मिले दो पॉजीटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार


- बचने से कोरोना प्रोटोकाल का सभी लोग करें पालन

जिले में एक बार फिर कोरोना वायरस ने दस्तक दी है। कोरोना संक्रमण एक बार फिर फैलता नजर आ रहा है। अब तक की जांच में 2 कोरोना पॉजीटिव मिले हैं। फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से अब तक किसी प्रकार का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

## जिला प्रशासन ने जारी नहीं किया अलर्ट

### सीएचएमओ ने नहीं किया फोन रिसीव

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से शनिवार को जारी लिस्ट में जिले से दो पॉजीटिव मरीज बताए गए । लेकिन जिला प्रशासन के तरफ से कोई जानकारी नहीं आई है। जानकारी के संबंध में सीएचएमओ एमपी महेश्वर के मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।



### भीड़–भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें

छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए महामारी नियंत्रक डॉ. सुभाष मिश्रा का कहना है कि नया साल शुरू हो रहा है। ऐसे में लोगों को भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचना चाहिए और सभी को कोरोना प्रोटोकॉल का भी पालन करना चाहिए। ताकि इस महामारी को बढ़ने से रोका जा सके।

उल्लेखनीय है कि, प्रदेश में कोरोना के केस मिलने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कोरोना वायरस से बचाव से जुड़ी तैयारियों के संबंध में 22 दिसंबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर, नगरीय निकाय अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में मुख्यमंत्री प्रदेश में कोरोना वायरस से बचाव, आवश्यक सावधानियों और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की थी।

### अव्यवस्था : अपनी फसल बेचने के लिए भटक रहे किसान

# एक माह बीता, आधे किसानों का भी नहीं खरीदा गया धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

## 20 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल खरीदी होने से बिगड़ रही व्यवस्था

20 क्विंटल से धान खरीदी 21 क्विंटल किए जाने के बाद से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। धान बेचने किसान भटकते नजर आने लगे हैं। एक माह बीत जाने के बावजूद आधे किसानो की धान खरीदी नहीं हो पाई है। वहीं किसान के अनुसार बोनस की राशि भी किसी को एक वर्ष की तो किसी को 1 वर्ष से कम की राशि आने से किसान जानकारी के लिए बैंक एवं समिति के चक्कर काट रहे हैं।

लवन नगर में धान खरीदी का कार्य पिछले 1 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है। 32 हमाल द्वारा 6 कांटा तौल की व्यवस्था की गई है। शासन द्वारा निर्धारित लिमिट प्रतिदिन 2300 क्विंटल धान खरीदी किए जाने के कारण दिसंबर माह में कुल 21 दिन की धान खरीदी की गई। जिसमें अब तक 33 हजार क्विंटल धान कुल 800 किसानों की खरीदी हो पाई है। जबकि यहां 1800 किसानों से लगभग 93000 क्विंटल की धान खरीदी होना है। प्रतिदिन 2300 क्विंटल की लिमिट होने के कारण अब तक आधे किसानों की धान की खरीदी नहीं हो पाई है। किसानों की मांग है कि लिमिट को बढ़ाया जाया। इसके अलावा धान खरीदी 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी तक किया जाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 24 है। जनवरी माह में अवकाश को छोड़कर सिर्फ 21 दिन ही धान खरीदी हो पाएगी। ऐसे में शेष 1000 किसानों की धान कैसे खरीदी होगी। जानकारी के अनुसार धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन काटने की व्यवस्था है जिसमें अब तक 12 जनवरी तक धान खरीदी किए जाने की टोकन कट गए हैं।

इस तरह किसानों को धान खरीदी केंद्र में बार–बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्र में उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि यहां किसानों के लिए बारदाना की कोई समस्या नहीं हो रही है धान का उठाव भी लगभग ठीक है एक ट्रक में लगभग 240 क्विंटल धान का उठाव होता है इस तरह अब तक 22000 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है लगभग 10000 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है जो की निमित्त जारी है जानकारी के अनुसार इसी तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लवन के अंतर्गत कल 12 धान खरीदी केदो में किसानों के लिए समस्याएं हो रही है सभी किसान तिथि बढ़ाने की मांग करने लगे हैं।



### किसानों को काटना पड़ रहा चक्कर

टोकन के लिए ऑनलाइन होने के कारण किसानों को स्पष्ट समझ में नहीं आ रहा है कि कब टोकन कटवाए और खरीदी कब होगी। किसान विशाल बंदे पीतांबर कुर्रे बसंत भारत जायसवाल आदि ने बताया कि बढ़े हुए प्रति एकड़ 1 क्विंटल के लिए फिर से टोकन कटवाना पड़ रहा है । जिससे कम मात्रा में धान को खरीदी केंद्र में ले जाने में परेशानी बढ़ गई है। बताया गया कि पहले ही 20 क्विंटल की दर से किसानों की धान अभी आधा भी नहीं खरीदा गया है। फिर बढ़े हुए धान को किस स्थिति में कैसे समिति द्वारा धान लिया जाएगा इसके लिए बार–बार चक्कर लगाना पड़ रहा है ।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव प्रथम जिला प्रवास पर पहुंचे, हुआ भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- ग्राम सेम्हराडीह में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में हुए शामिल

विकासखण्ड बलौदाबाजार के ग्राम सेम्हराडीह में रविवार को आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पहला जिला आगमन हुआ। इस अवसर पर हेलीकॉटर से उतरते ही हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का प्रभारी कलेक्टर नम्रता जैन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, डीएफओ मयंक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जिसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय आयोजित मनवा कुर्मी समाज बलौदाबाजार राज के 6वें अधिवेशन में शामिल होने रवाना हो गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, प्रदेश के राजस्व एवं खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री एवं स्थानीय विधायक टंकराम वर्मा भी शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# किसान या आवेदकों को घुमाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाईः राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- राजस्व के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए दिए जाएंगे कड़े निर्देश : टंकराम



क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के भ्रमण के दौरान आमजनों द्वारा राजस्व के मामलों के लगातार लंबित रहने तथा काम के लिए अमले के कतिपय कर्मचारियों द्वारा घुमाए जाने की शिकायतें की जा रही है, जो अत्यंत गम्भीर है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में इस प्रकार की शिकायतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। यदि कोई अधिकारी जानबूझकर ग्रामीण व किसानों के कार्य को लंबित रखता है तो ऐसे अधिकारी–कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में भू–माफिया अथवा भ्रष्टाचारियों को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। ये हमारा संकल्प है। यदि कोई अधिकारी कर्मचारी इस दिशा में बेहतर कार्य करता है तो उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

उक्त बातें नवनियुक्त खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा विधायक बलौदा बाजार टंकराम वर्मा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि राजस्व अमलों के लंबित मामलों में ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारी और भंवरपुर के बीच बीते रविवार को हुई सडक दुर्घटना में घायल कदम पिता दादु सिंह सिदार की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। इसी प्रकार पटेवा थाना क्षेत्र के झलप के पास रविवार को ही दुर्घटना में घायल युवक खगेश्वर पिता भुवन लाल निवासी पलारी जिला बलौदाबाजार जिसका ईलाज सोहम अस्पताल में चल रहा था, की भी मौत हो गई, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# 6 जनवरी से मतदाता सूची में जुड़ेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

- 22 जनवरी 2024 तक करवा सकेंगे हटाने व सुधार का भी कार्य
- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी शुरू

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के कार्यों का फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य अधिसूचना जारी किया है। इसके अंतर्गत 6 जनवरी 2024 से मतदाता सूची प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इस सूची में जिन मतदाताओं का नाम विलोपित है या सुधार या नाम जुड़वाना है, वो 6 जनवरी से 22 जनवरी तक करवा सकते हैं। नये मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं वो भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस अवधि में स्कूल, कालेज सहित जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान संचालित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार समस्त मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति की संपूर्ण अवधि में कार्यालयीन समयावधि के दौरान अभिहित अधिकारी को मतदान केन्द्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने निर्देशित किया है। पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त होने वाले फार्म (6,7,8) की जानकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में अथवा बीएलओ को बीएलओ एप में डिजिटाइजेशन के लिए उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

### राजधानी रायपुर में 26 से हुई दो दिवसीय प्रतियोगिता

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार सरसीवां

- 12 राज्यों के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

27 वीं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन 26 से 27 दिसंबर तक राजधानी रायपुर के श्री बालाजी स्कूल में किया गया। जिला सो तो का न कराते सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अध्यक्ष छेदीलाल साहू, सचिव अश्वनी कुमार जांगड़े ने बताया की कार्यक्रम मे 12 राज्यों के लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के विधायक ग्राम रक्शा के खिलाड़ियों ने 10 पदक जीते। खिलाड़ियों के ग्राम आगमन पर ग्रामवासियों ने उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया। साथ ही कराते कोच अश्वनी कुमार जांगड़े ने सभी खिलाड़ियों को बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शिहान वरुण पाण्डेय राष्ट्रीय महासचिव यूनाइटेड शोतोकान कराटे डू इंडिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कियोशी एम एम हैदर अली खान, प्रेसिडेंट यूनाइटेड शोतोकान कराटे डू इंडिया एवं योगेश अग्रवाल फिल्म स्टार, प्रेसिडेंट राइस मिल एसोसिएशन, आकाश विग एडवाइजर स्वामी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।




### इन्होंने जीता पदक

अंजु लता यादव,मनिशा यादव,नगिना निराला,प्रदिप यादव, डेविड भारद्वाज,किसन निराला गोल्ड मेडल जीता। प्रेमिनेस यादव ,मिथ्लेस यादव ,सिल्वर पदक ,उमेस साहू,रुपशंकर ने सिल्वर पदक जीता है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### ताइक्वांडो चैम्पियन बने दर्श, जीता गोल्ड मेडल

**रायपुर।** विगत दिनों बेंगलुरु में आयोजित 38वीं नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप (आईटीएफ) 2023 के फाइनल में 10 वर्षीय दर्श चौधरी ने गोल्ड मेडल जीता है। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें दर्श चौधरी ने हर क्वालीफाई राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया है। देश के ख्यातिनाम कोच मृत्युंजय राय ने बताया कि दर्श चौधरी ने 7 साल की उम्र से ही ताइक्वांडो खेल के प्रति अपनी लगन जाहिर कर दी थी। दर्श ला-माटिनियर स्कूल कोलकाता के 5वीं कक्षा के छात्र हैं। वे शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकमल सिंघानिया के नाती हैं।

### हमारे जीवन का ऐतिहासिक दिन होगा 22 जनवरी

**रायपुर।** प्रभु राम हमारे आराध्य हैं, जिसने भी सनातन के खिलाफ आवाज उठाई, उसका सफाया हो गया। पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग पुनः सनातन के खिलाफ बोल रहे हैं, उसका नतीजा उनके सामने है। ये बातें दो दिवसीय रायपुर प्रवास पर पहुंचे स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने शनिवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी 2024 हमारे जीवन का ऐतिहासिक दिन होगा। उन्होंने कहा कि प्रभु राम हमारे प्राण तत्व हैं, हमारे देश में रामराज्य स्थापित हो गया है। 22 जनवरी हम सब के लिए दीपावली है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भगवान राम का भव्य मंदिर हमें प्राप्त हो रहा है। इससे सुंदर कुछ नहीं हो सकता है। जिन लोगों ने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया, आज उन्हीं का अस्तित्व खत्म हो गया।



### प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में शनिवार को रायपुर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने की बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब से अध्यक्ष दामु आम्बेडारे, शगुफ्ता शिरीन, संजय शुक्ला, जावेद खान, भोलाराम सिन्हा, मनोज नायक, दीपक पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ में 56 सदस्यों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी प्रकोष्ठ) ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिसमें समाज के संभाग स्तर से अनेक लोगों की नियुक्ति की गई है। कसडोल विधायक के निज सहायक मनीष कुमार साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू, कसडोल विधायक व अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा (युवा प्रकोष्ठ) राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू व आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू की अनुशंसा से रायपुर संभाग अध्यक्ष दानेश साहू ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार 2 कार्यकारी अध्यक्ष, 9 उपाध्यक्ष, 18 संगठन सचिव, 19 संयुक्त सचिव व 8 कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रदेश जिला, तहसील, परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# राजस्व प्रकरणों का निपटारा नहीं, कलेक्टोरेट-तहसीलों में डेढ़ लाख से ज्यादा केस पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के कई जिलों में कलेक्टोरेट एवं तहसीलों में राजस्व के प्रकरणों का कछुए गति से निराकरण किया जा रहा है, जिसके कारण पेंडिंग केसों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेशभर में कुल लंबित प्रकरणों की संख्या 1 लाख 54 हजार पहुंच गई है। इसमें से डेढ़ लाख सात सौ प्रकरण न्यायालयों में चल रहे हैं। इनमें ऐसे हजारों प्रकरण हैं, जिनकी समय पर सुनवाई तक नहीं हो पा रही है। उन प्रकरणों में लगातार अधिकारियों की व्यस्तता के कारण सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है।



### रायपुर-दुर्ग जिले में सर्वाधिक पेंडिंग प्रकरण

राज्य में सबसे ज्यादा पेंडिंग प्रकरण रायपुर और दुर्ग जिले में हैं। दोनों जिलों के कलेक्टोरेट व तहसीलों में 9 हजार से ज्यादा प्रकरण पेंडिंग हैं, वहीं बिलासपुर, सरगुजा, सूरजपुर, रायगढ़, बलौदाबाजार-भाटापारा, जांजगीर-चांपा एवं महासमुंद जिलों में भी 6 हजार से लेकर साढ़े सात हजार तक प्रकरण पेंडिंग हैं।

### जिलावार पेंडिंग प्रकरणों की स्थिति

| | कुल पेंडिंग | न्यायालय में पेंडिंग |
|---|---|---|
| रायपुर | 9097 | 9079 |
| दुर्ग | 9292 | 9285 |
| कबीरधाम | 3701 | 3662 |
| कोंडागांव | 4778 | 4213 |
| कोरिया | 1845 | 1839 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | 2478 | 2476 |
| गरियाबंद | 4035 | 4022 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 2883 | 2789 |
| जशपुर | 4452 | 4451 |
| जांजगीर-चांपा | 5334 | 5382 |
| दंतेवाड़ा | 1182 | 685 |
| धमतरी | 3662 | 3564 |
| नारायणपुर | 227 | 127 |
| बेमेतरा | 3219 | 3176 |
| मुंगेली | 2762 | 2759 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | 2879 | 2878 |
| महासमुंद | 7112 | 6675 |
| मनेंद्रगढ़-मानपुर चौकी | 1133 | 1106 |
| राजनांदगांव | 5030 | 4998 |
| रायगढ़ | 5994 | 5979 |
| सक्ति | 2520 | 2510 |
| बिलासपुर | 7257 | 7103 |
| सुकमा | 1291 | 1260 |
| सरगुजा | 7490 | 7473 |
| सूरजपुर | 6939 | 6934 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 2778 | 2776 |
| बालोद | 4637 | 4629 |
| बस्तर | 2952 | 2692 |
| बीजापुर | 775 | 637 |
| बलरामपुर-रामानुजगंज | 4880 | 4839 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | 7082 | 6734 |

### पहले चुनाव के कारण, अब अधिकारियों के छुट्टियों के कारण सुनवाई धीमी

विधानसभा चुनाव के कारण अक्टूबर से नवंबर माहभर कलेक्टोरेट एवं तहसील दफ्तरों में सुनवाई प्रभावित रही। इसके बाद दिसंबर में भी मतगणना ड्यूटी में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण कुछ दिनों तक सुनवाई प्रभावित रही। इसके बाद अधिकारियों ने कामकाज संभाला, तो पुरानी फाइलों को जांचने में ही उन्हें सप्ताहभर का समय लग गया। इसके बाद काम में तेजी आ पाती, उससे पहले कई अधिकारी छुट्टियों पर चले गए हैं। इसके कारण न्यायालय में पेंडिंग प्रकरणों की सुनवाई की तारीख भी आगे बढ़ा दी गई है। ज्यादातर प्रकरणों में सुनवाई की तारीख 10 जनवरी के बाद दी गई है।

# ऑनलाइन फूड कंपनी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर पौने 26 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व आनलाइन फूड कंपनी डोमिनोज की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 25 लाख 77 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो अंतर्राजीय जालसाज को बिहार से गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य जालसाजों की पुलिस पतासाजी कर रही है। जालसाजों ने फर्जी वेबसाइट बनाकर देश के कई और राज्यों में लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस ने ठगों के अकाउंट में जमा छह लाख रुपए होल्ड कराया है।

- दो गिरफ्तार डोमिनोज का फ्रेंचाइजी देने बनाई फर्जी वेबसाइट

मामले का खुलासा करते हुए एएसपी सिटी लखन पटले, डीएसपी क्राइम दिनेश सिन्हा ने बताया कि संतोषी नगर निवासी सुदिप्ता धारा से ठगी करने के आरोप में बिहार, नालंदा निवासी सिकंदर कुमार तथा सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। सुदिप्ता ने अक्टूबर में थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने डोमिनोज का फ्रेंचाइजी लेने ऑनलाइन सर्च कर एप्लिकेशन जमा किया। इसके बाद उसके पास अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको डोमिनोज प्रबंधन से जुड़े होने का झांसा देकर सुदिप्तो से अलग-अलग अकाउंट में रकम ट्रांसफर करा कर ठगी का शिकार बनाया। घटना का मास्टर माइंड अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।



#### वेबसाइट खोलने से पहले यूआरएल की करें जांच

किसी भी बात की जानकारी हासिल करने ज्यादातर लोग गूगल का सहारा लेते हैं। इसके बाद अलग-अलग वेबसाइट नजर आने पर लोग वेबसाइट फेक है या सही इस बात की जानकारी जुटाने के बजाए किसी एक के ऊपर क्लिक कर देते हैं। सर्च करने के पहले एड्रेस टाइप की जांच करना चाहिए। असली वेबसाइट के यूआरएल की शुरुआत एचटीटीपीएस से होती है। इसके अलावा अगर कंम्प्यूटर या लैपटॉप में ब्राउजर कर रहे हों, तो माउस को इस वेबसाइट के ऊपर ले जाकर हाईपरलिंक और यूआरएल देखना चाहिए।

#### वेबसाइट की सर्टिफिकेशन की जांच जरूरी

कोई वेबसाइट असली है या नकली, इसकी जांच करने के लिए यूजर सर्टिफिकेशन को ध्यान से देखकर पता लगा सकते हैं। आमतौर पर यह लॉग इन पेज इन होम पेज पर एसएसएल सर्टिफिकेशन के रूप में देखने को मिल जाती है। इसके अलावा यूजर किसी वेबसाइट पर लॉगिन करते हैं और इस पर अजीब विज्ञापन देखने को मिलता है, तो समझ जाएं कि ये फेक है। आमतौर पर एडल्ट विज्ञापन या फिर लॉटरी के रूप में यह नजर आता है। इन पर ईमेल आईडी और पासवर्ड डालकर लॉगइन करने से बचना चाहिए।

#### जालसाज वेब डिजाइनिंग का काम करते हैं

पुलिस के मुताबिक सिकंदर ने महज इंटर मीडिएट तक की पढ़ाई की है। इसके साथ ही वह मर्चेंट नेवी में काम कर चुका है। इंटर मीडिएट की पढ़ाई करने के बाद सिकंदर ने वेब डिजाइनिंग का कोर्स किया। इसी दौरान उसकी पहचान सूरज से हुई। दोनों मिलकर मल्टी नेशनल कंपनियों के लिए वेब डिजाइनिंग करने का काम करते थे। इसके साथ ही पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी पूर्व में डिजिटल मार्केटिंग में काम भी कर चुके हैं।

#### कई कंपनियों की फर्जी वेबसाइट की मिली जानकारी

ठगों के कब्जे से जब्त लैपटॉप में पुलिस को कई मल्टी नेशनल कंपनियों की फर्जी वेबसाइट मिली हैं। जालसाज गूगल में अपने फर्जी वेबसाइट डालकर फेक कस्टमर केयर नंबर डालते थे। अगर कोई जालसाजों के फर्जी वेबसाइट में लॉगिन करता था, तो लॉगिन करने वाले के मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारी जालसाजों के हाथ लग जाती थी और फिर उन्हें अलग-अलग तरीकों से ठगी का शिकार बनाते थे।

# 10 करोड़ की लागत से आकार ले रहा तिमंजिला शास्त्री बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानीवासियों को नए साल में शहर के मध्य नए हाईटेक शास्त्री बाजार की सौगात मिलेगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 10 करोड़ की लागत से प्रथम फेज में ति मं जि ला बाजार परिसर सह पार्किंग स्थल बनाने रायपुर कंस्ट्रक्शन को अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी ने नवनिर्मित परिसर के प्रत्येक तल पर 21 दुकानें निकाली हैं। इसका आवंटन व्यवस्थापन के तहत शास्त्री बाजार के प्रभावित व्यवसायिओं को किया जाएगा। जवाहर बाजार के बाद शहर के पुराने व सबसे बड़े सब्जी बाजार के नाम से लोकप्रिय शास्त्री बाजार का नया स्वरूप आने वाले दिनों में शहरवासियों को देखने को मिलेगा। यहां नवनिर्मित हाईटेक बाजार में अंडरग्राउंड नाली, प्रकाश की समुचित व्यवस्था और पेयजल सुविधा सहित अलग से सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा रहेगी।

- प्रत्येक तल पर 21 दुकानें, ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की सुविधा

#### नए साल में मिलेगी सौगात

10 करोड़ की लागत से नवनिर्मित शास्त्री बाजार की सौगात राजधानीवासियों को नए साल में मिलेगी। बाजार को सुव्यवस्थित करने और हाईटेक मार्केट बनाने के मकसद से रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इसका निर्माण कराया है।

*- आशीष मिश्रा, जनरल मैनेजर कम्यूनिकेशन, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

# देवर से शादी के बाद गृहस्थी का सामान खरीदने महिला ने पति के साथ मिलकर मालिक के घर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के न्यू शांतिनगर में एक सप्ताह पूर्व प्रापर्टी डीलर के घर हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। चोरी के आरोप में पुलिस ने वहां काम करने वाली बाई तथा उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए महिला का पति महासमुंद के कोतवाली थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नकदी 11 लाख 69 हजार रुपए, चोरी के जेवर तथा चोरी के पैसों से खरीदा गया गृहस्थी का सामान जब्त किया है।

- पुलिस से बचने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप को आग के हवाले किया

पुलिस के मुताबिक दीपक गाईन के यहां चोरी के आरोप में अविनाश गिरी गोस्वामी तथा बिंदिया गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पति-पत्नी ने मिलकर 23 दिसंबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार घटना के एक पखवाड़ा पूर्व बिंदिया बगैर बताए घर से काम छोड़कर चली गई थी। पुलिस के अनुसार अविनाश के खिलाफ महासमुंद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हत्या की कोशिश सहित 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।



**जगदलपुर के बाद कांकेर पहुंचे :** पुलिस के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पचपेड़ी नाका की एक पार्किंग में अपना वाहन पार्क करने के बाद बस से जगदलपुर चले गए। इसके बाद दोनों कांकेर आ गए। कांकेर में अविनाश ने गृहस्थी का सामान खरीदने के साथ चोरी के पैसों से एक दोपहिया वाहन खरीदा।

#### 15 दिन पहले जेल से छूटकर आया था

पुलिस के मुताबिक अविनाश चोरी के एक मामले में 15 दिन पहले महासमुंद की जेल से छूटकर आया। इसके बाद अपनी भाभी से शादी करने के बाद धरसींवा में मकान किराए पर लेकर रहने लगा। अविनाश से शादी करने के बाद बिंदिया ने काम पर आना बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार बिंदिया के कहने पर अविनाश ने दीपक के घर चोरी करने प्लान तैयार किया। बिंदिया ने अविनाश को बताया था कि घर में कहां नकदी रकम के साथ जेवर रखे होते हैं।

#### लाख कोशिश के बाद भी सीसीटीवी कैमरे में कैद

पुलिस के अनुसार बिंदिया को पता था कि घर के किन किन कोनों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बिंदिया ने अविनाश को सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही घर से अटैच ऑफिस में जिस कोने में अलमारी में नकदी तथा जेवर रखे थे, वहां सीसीटीवी लगे होने की जानकारी मिलने पर अविनाश ने कंप्यूटर, लैपटॉप तथा हार्ड डिस्क को आग लगा दिया। पुलिस को घर के बाहर लगे सीसीटीवी में एक महिला तथा पुरुष के एक बैग लेकर दोपहिया में भागने के फूटेज मिले। इसी फूटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की।

# कोरोना की दस दिन में हॉफ सेंचुरी, 31 केस के साथ एक्टिव मामले 66 हुए

पांच संक्रमित ठीक हो चुके, एक की जान जा चुकी



**रायपुर।** दस दिन के भीतर राज्य में कोरोना ने अर्द्धशतक पूरा कर लिया है। शनिवार को चार हजार सैंपलों की जांच में दशमलव 78 प्रतिशत की दर से 31 लोगों को संक्रमित पाया गया है। इन प्रकरणों के बाद राज्य में एक्टिव मामले 66 हो गए हैं। दस दिन में राज्य में पांच पुराने संक्रमित ठीक हुए हैं और एक की जान जा चुकी है। बदले मौसम की वजह से राज्य में कोरोना की दस्तक हो चुकी है, हालांकि अब तक केरल सहित अन्य राज्यों में सामने आए वैरिएंट का यहां पता नहीं चला है। शुरुआती दिनों में वैरिएंट की जांच के लिए जो सैंपल एम्स भेजे गए थे, उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं है। अभी स्थिति खतरनाक नहीं है, मगर चिंताजनक हो सकती है। राज्य में जांच बढ़ाने की वजह से कोरोना के अधिक मामले सामने आने लगे हैं। शनिवार को राज्य में सबसे ज्यादा 14 मामले रायगढ़ जिले में सामने आए हैं। रायपुर में इनकी संख्या दस, बलौदाबाजार जिले में 2, जांजगीर, बालोद, सूरजपुर एवं बस्तर जिले में 1-1 प्रकरण सामने आया है। राज्य में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 66 हो चुके हैं। शुरुआती दिनों में मामले कम थे, इसकी वजह से ठीक होने वालों की संख्या अभी कम है।

शुक्रवार को तीन और शनिवार को दो मरीज ठीक हुए हैं। वहीं 82 साल की महिला मरीज ने इलाज के दौरान भिलाई के अस्पताल में दम तोड़ दिया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धा की मौत की वजह को-मार्बिडिटी को माना है। अभी सबसे अधिक 22 सक्रिय मामले रायगढ़, 15 रायपुर तथा दुर्ग में 12 तथा बस्तर में 6 हैं। अन्य जिलों में इनकी संख्या इक्का-दुक्का है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों को योगदान बढ़ाने पर जोर

**रायपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक ली। इसमें उन्होंने जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों का योगदान बढ़ाने पर जोर दिया तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बैंकों को कृषि क्षेत्र और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कार्य करने के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा भुगतान को शीघ्र कराने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण एवं पीएम स्वनिधि ऋण को अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## जीएसटी चुकाने के मामले में भी मिल चुका है प्रमाणपत्र

# आरडीए पहली बार कर्जमुक्त, बैंकों के साथ ठेकेदारों के भी हजार करोड़ चुका दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपनी कमल विहार योजना, जिसका नाम अब माता कौशल्या विहार हो गया है, इसके लिए करीब छह सौ करोड़ का कर्ज बैंकों से लिया था। यह कर्ज आरडीए के लिए गले की हड्डी बन गया था। यह कर्ज आठ सौ करोड़ से ज्यादा का ब्याज के कारण हो गया था। इसी के साथ ठेकेदारों का भी भारी बकाया होने के कारण आरडीए पर हजार करोड़ की देनदारी हो गई थी, लेकिन अब आरडीए पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। आज की तारीख में आरडीए पर जहां कोई कर्ज नहीं है, वहीं उसके पास खुद की छह सौ करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी भी है। यही नहीं, अब आरडीए में नियमित रूप से जहां समय पर वेतन मिलता है, वहीं जीएसटी जमा करने के मामले में भी उसको प्रमाणपत्र मिल चुका है। आरडीए के पूर्व अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने कहा कि हमने अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठते ही तय किया था कि आरडीए को कर्ज मुक्त करेंगे, वह आज कि तिथि में हो गया है।

- वेतन देने के भी अब लाले नहीं



#### बकायादारों पर भी नकेल

रणनीति के तहत बकायादारों पर भी नकेल कसने का काम किया गया। जो भी बकायादार भुगतान नहीं कर रहे थे, उनसे आवास वापस लेकर उनको फिर से बेचा गया। ऐसा होने से एक फायदा यह भी हुआ कि जो आवास पहले 11 से 12 लाख में बिके थे, वो वापस 17 से 18 लाख में बिके। इससे भी आरडीए को फायदा हुआ। कुल मिलाकर नौ सौ से हजार करोड़ की प्राप्टी को बेचा गया और इससे न सिर्फ बैकों का कर्ज चुकाया गया, बल्कि ठेकेदारों को भी उनका बकाया भुगतान किया गया।

#### कारगार रणनीति आई काम

प्रदेश में कांग्रेस शासन काल में 21 जुलाई 2021 को सुभाष धुप्पड़ को आरडीए का अध्यक्ष बनाया गया। उनके अध्यक्ष बनने के बाद उनको यह जानकारी हुई कि प्राधिकरण को कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी परेशानी होती है। कभी भी समय पर वेतन नहीं मिल पाता। इसी के साथ प्राधिकरण पर कर्ज भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में उन्होंने इसके लिए नई तरह की रणनीति बनाने का काम किया और महज 10 दिनों के अंदर की स्थिति यह बना दी कि एक अगस्त 2021 से कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन मिलने लगा। अपनी रणनीति के बारे में श्री घुप्पड़ बताते हैं कि कमल विहार में व्यावसायिक भूखंड बहुत ज्यादा बड़ा होने के कारण इसको खरीदने वाले ही नहीं मिलते थे। ऐसे में सबसे पहले इन भूखंडों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटने के साथ अलग-अलग वर्ग के कारोबारियों से बात करके उनके कारोबार के लिए वहां पर भूखंड उपलब्ध कराए गए।

# 57 नगरीय निकायों में सवा छह सौ ऑडिट में आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के करीब 57 नगरीय निकायों के ऑडिट में 624 आपत्तियां सामने आई हैं। नगरीय निकायों का वार्षिक प्रतिवेदन इसी साल 15 मार्च को विधानसभा के समक्ष पेश किया जा चुका है।

अब संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों को पत्र जारी कर ऑडिट आपत्तियों का निराकरण करने कहा है। इन निकायों में सामने आई हैं ऑडिट आपत्तियां नगरीय प्रशासन विभाग के वार्षिक प्रतिवेदन में जिन निकायों की आडिट आपत्तियां सामने आई हैं, वे इस प्रकार हैं- नगर पालिक निगम धमतरी, दुर्ग, बिलासपुर (सकरी) पालिका में सुकमा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जामुल, बेमेतरा, कुम्हारी, कटघोरा, सारंगढ़, जांजगीर चांपा, और कवर्धा शामिल हैं। नगर पंचायतों में कुरां, माना कैंप, राजिम, आमदी, गीदम, केशकाल, पखांजुर, परपोड़ी, मारो, थान खमरिया, बेरला, शामिल हैं।

**दिया है ये निर्देश :** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में संबंधित निकायों से कहा गया है कि विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किए जाने वाले संचालक छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के स्थानीय नगरीय निकायों के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 जारी किया गया है, जिसे 15 मार्च 2023 को संपरीक्षा कार्यालय द्वारा विधानसभा के पटल पर रखा जा चुका है। उक्त प्रतिवेदन में विभिन्न प्रकार की 624 ऑडिट आपत्तियों का उल्लेख है। इस प्रतिवेदन में सामने आई आपत्तियों का विभागीय ज्ञापन विधानसभा के निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर शासन एवं विधानसभा को भेजा जाना है, इसलिए सभी निकायों से कहा गया है कि वे तीन दिनों के भीतर ऑडिट आपत्तियों का निराकरण कराएं।

#### ये है आपत्तियों के बिंदु

ऑडिट आपत्तियों के विवरण के संबंध में बताया गया है कि किन मामलों से संबंधित आपत्तियां हैं। इनमें बजट संबंधी आपत्ति, बकाया मांग एवं कर शुल्क जमा नहीं करने संबंधी आपत्ति, योजना एवं अनुदान की आपत्तियां, लेखांकन एवं बैंक समाधान विवरण संबंधी आपत्तियां, हानि एवं क्षति संबंधी, दुर्विनियोजन संबंधी, गबन संबंधी, नियमों के उल्लंघन संबंधी, निर्माण कार्यों से संबंधित, असमायोजित अग्रिम संबंधी, स्थापना संबंधी, भंडार क्रय नियमों संबंधी, अप्राप्त अभिलेख संबंधी तथा ऋण संबंधी आपत्तियां शामिल हैं।

# प्रबंधन की हिदायत बेअसर, महीनेभर बाद भी एयरपोर्ट पर फास्टैग सिस्टम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाहन चालकों से निर्धारित राशि के बजाय मनमाना शुल्क वसूलने की शिकायत के बाद एयरपोर्ट में फास्टैग सिस्टम लागू करने का काम महीनेभर बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। शिकायतों के आधार पर एयरपोर्ट प्रबंधन ने ठेका एजेंसी को इसके लिए समयसीमा में काम पूरा करने निर्देश दिए थे।

नवंबर माह में विमानतल आने वाले वाहनों से पार्किंग शुल्क के नाम पर ज्यादा राशि वसूल किए जाने की शिकायत एयरपोर्ट प्रबंधन के साथ विमानन मंत्री से की गई थी। इसके बाद प्रबंधन एक्शन में आया था और ठेका एजेंसी को इस तरह की वसूली रोकने के लिए निर्देशित करते हुए शुल्क वसूली के लिए फास्टैग सिस्टम लागू करने की हिदायत दी थी। इसके लिए ठेका एजेंसी को एक निर्धारित अवधि में काम शुरू करने के लिए मोहलत भी दी गई। शुरुआती दौर में इसका काम शुरू हुआ, मगर मौसम में हुए बदलाव और बारिश के बाद मामला अटक गया। महीनेभर से अधिक का वक्त गुजरने के बाद भी इसका काम पूरा नहीं हो पाया है और विमानतल पर आने वाले वाहनों से मैनुअली तरीके से पार्किंग का शुल्क वसूला जा रहा है। प्रबंधन ने इसके अलावा कंपनी को उनकी कर्मचारियों को भी बदलने का निर्देश दिया था, जिनकी वजह से अक्सर विवाद की स्थिति बनती थी। साथ ही कंपनी पर उस दौरान पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। एयरपोर्ट के डायरेक्टर प्रवीण जैन का कहना है कि कंपनी को फास्टैग सुविधा जल्द उपलब्ध कराने की हिदायत दी गई है।

## वसूली की शिकायत पर एयरपोर्ट प्रबंधन ने की थी पहल

### तय है शुल्क

विमानतल आने वाले वाहनों के लिए शुल्क का निर्धारण काफी समय पहले ही किया जा चुका है। इसके तहत पहले चार मिनट में दोपहिया और चौपहिया वाहनों का प्रवेश निशुल्क है। इसके बाद 30 मिनट के लिए दोपहिया के 10 रुपए तथा चौपहिया वाहनों के लिए 20 रुपए शुल्क निर्धारित है। इससे अधिक वक्त के लिए पार्किंग शुल्क की राशि अधिक होती जाएगी।



### रोजाना दो हजार से ज्यादा वाहन

सूत्रों के मुताबिक स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट तक प्रतिदिन दो हजार से अधिक वाहनों की आवाजाही होती है। उक्त वाहन स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों में आवाजाही करने वाले यात्रियों से संबंधित वाहन होते हैं। इसके अलावा विमानतल पर कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के वाहनों की संख्या भी एक हजार के लगभग होती है।

## खबर संक्षेप



### मंत्री बृजमोहन ने किया कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर में शनिवार को छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय प्रबंध एवं महासमिति की बैठक हुई। इस दौरान मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने संघ के कैलेंडर का विमोचन किया। साथ ही मंत्री श्री अग्रवाल को कर्मचारियों ने नियमितीकरण स्थायीकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा ने बताया कि संघ की प्रांतीय महासमिति की बैठक में वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता, जिलों के जिलाध्यक्षों के निवार्चन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान संघ ने आव्हान किया कि जांजगीर-चांपा जिले में 25 फरवरी को आमसभा होगी। बैठक में शासन द्वारा लंबित 4% महंगाई भत्ता, 300 दिन का अर्जित अवकाश नकदीकरण एवं विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति आदि मांग को लेकर 16 जनवरी को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को आग्रह ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रांतीय संयोजक मनोज कुमार सोना, कुलेश्वर साहू, रोहित साहू, वंदना फोफसे आदि मौजूद थे।

### सीएम ने पं. शुक्ल को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की 31 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पं. रविशंकर शुक्लजी ने कई राष्ट्रीय आंदोलनों में सक्रिय और शीर्ष भूमिका निभाई। पंडित रविशंकर शुक्ल लोकप्रिय जननेता और कुशल प्रशासक थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में विभिन्न क्षेत्रों की विकास योजनाओं में महती भूमिका निभाई।

### संकल्प यात्रा अभियान में स्वास्थ्य परीक्षण



**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत डीडी नगर सामुदायिक भवन परिसर में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 570 नागरिकों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। शिविर में सांसद सुनील सोनी, पार्षद मधु चंद्रवंशी, आशु चंद्रवंशी, रमेश सिंह ठाकुर, गोपी साहू, सुशील कुमार चौधरी, लाल महेंद्र सिंह समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

### राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करें कांग्रेसी



**रायपुर।** पारिवारिक विवाद के चलते लखनलाल सेन और उनके परिवार द्वारा आत्महत्या का कदम उठाना बेहद दुर्भाग्यजनक है। इस घटना से सेन समाज स्तब्ध है तथा इस दुख की घड़ी में पूरा समाज तथा भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। ऐसे मौके पर जब मृतक परिवार का क्रियाकर्म तक नहीं और मौके की राजनीति करने वाले कांग्रेसी जिस पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे, ये बेहद शर्मनाक है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी पीड़ित परिवार को दुखी कर रही है। इस नाजुक मौके पर प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, सेन समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर समेत प्रदेश पदाधिकारी चीरघर पहुंचकर परिवार से भेंट कर इस विषय पर कांग्रेस पार्टी को किसी भी प्रकार की राजनीति करने से बाज आने की हिदायत देते हुए खुली चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कांग्रेसी को पीड़ित परिवार के घर को राजनीति का अड्डा नहीं बनने देंगे। समाज परिवार के साथ है।

## कार्यक्रम : 17वाँ राष्ट्रीय गणित महासम्मेलन,लगा विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी

# गणित व विज्ञान के आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी ने किया रोमांचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खमरिया में 30 व 31 दिसम्बर को दो दिवसीय 17वाँ नेशनल मैथ्स कन्वेंशन का आयोजन किया गया। विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान से संबंधित आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। राज्य के अलावा उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, तमिलनाडु, केरल, मध्यप्रदेश, दिल्ली, गुजरात आदि राज्यों से आए प्रतिभावान विद्यार्थी अपने-अपने मॉडल का बहुत ही शानदार ढंग से प्रदर्शन किया।

**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हुआ शानदार आयोजन**

पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री, विशेष अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाजपा ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि सहित अन्य अतिथियों का मंच पर पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिकों गणितज्ञों दार्शनिकों ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विषयों की गूढ़ जानकारी साझा करके कार्यक्रम को और रुचिकर बना दिया। ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब के चेयरमैन चंद्रमौलि जोशी ने गणित की समस्या के निवारण संबंधी बातों की जानकारियाँ दी। डॉ. गौरव टेकरीवाल ने वैदिक गणित की सहजता के बारे में रोचक जानकारियाँ दीं। इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ दिलीप भट्ट ने विज्ञान से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ दीं। जहाँ एक ओर आज के इस कार्यक्रम के प्रथम भाग में देश के विभिन्न राज्यों से आए बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने अपने-अपने विचारों की अभिव्यक्ति देकर लोगों को अचंभित कर दिया।

## बच्चों की प्रतिभा ने सभी को किया अचंभित



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रबंधक अश्विनी शर्मा-श्रीमती नेहा शर्मा, संदीप गोयल-श्रीमती अर्चना गोयल, ध्रुव कुमार तिवारी डायरेक्टर दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल इंदौर, चंद्रमौलि जोशी चेयरमैन ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब, बीएन राव मैथ्स गुरु ऑफ़ इंडिया, डॉ. राजेश कुमार ठाकुर ग्रेट इंडियन मैथमेटिशियन, दिलीप भाई भट्ट पूर्व इसरो वैज्ञानिक, डॉ. जेजे रावल भारतीय वरिष्ठ वैज्ञानिक, सुनील वांगड़े राष्ट्रीय अध्यक्ष हर घर बाल कलाम, साइटिस्ट, ब्रिगेडियर एमएन कदापति इंडियन मैथमेटिशियन, केके दीक्षित प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ओरिगामिस्ट गणितज्ञ व दार्शनिक डॉ. सी के घोष (प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री) कोलोनल आर रामाराव (आर्मी ऑफिसर) अश्विनी कुमार गर्ग (एनसीईआरटी प्रोफेसर दिल्ली) गौरव टेकरीवाल (फाउंडर एंड प्रेसीडेंट ऑफ़ वेदिक मैथ्स फोरम) एमएन सिंह (प्रोग्राम कन्वीनर छत्तीसगढ़) प्रधानाचार्य डीडब्ल्यूपीएस योगेश पोपट समस्त शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कार्यक्रम के द्वितीय भाग में सांस्कृतिक संध्या संस्कार में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भव्य रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर के दर्शकों का मन मोह लिया। श्री गणेश, छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य झाँकी पर बच्चों ने नृत्य करके लोगों का मन मोह लिया। हनुमान चालीसा पर नृत्य की प्रस्तुति देकर बच्चों ने खूब तालियाँ बटोरी तो दि जर्नी ऑफ वूमेन पर नाट्य प्रस्तुत कर बच्चे ख़ूब वाहवाही लूटने में पीछे नहीं रहे। गत वर्ष खेल,शिक्षा,गायन,वादन,कला आदि विभिन्न क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंच पर पुरस्कृत किया गया।

### राजस्व मंत्री ने बताई शिक्षा की अहमियत

मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री ने शिक्षा की अहमियत और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अपने विचार प्रकट किए। विशेष अतिथि शिवरतन शर्मा ने भी विद्यार्थियों को भारतवर्ष का उज्जवल भविष्य बताते हुए शिक्षा के साथ-साथ इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे-खेल,नृत्य, संगीत, गायन, वादन पर भी सदैव अग्रणी रहने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में नागरिकों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन राज्य में 16 दिसम्बर से किया जा रहा है। इसके तहत कुल 17 योजनाओं की उपलब्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमे पूरे प्रदेश के 33 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रें में 11664 ग्राम पंचायत एवं 170 शहरी क्षेत्र शामिल होंगे। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में इन सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार गाँव–गाँव, घर–घर , जन–जन तक ले जाने का अथक प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोग जागरूक हों और समस्त प्रकार के योजनाओं का लाभ ले सकें।

- बीमारियों की जांच कर वितरित की गई दवा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के कुशल नेतृत्व में जिले के कुल 3 विकासखंडों के 349 पंचायत हैं जहाँ कुल 137 स्वास्थ्य केंद्र हैं। जिसके अंतर्गत अभी तक विकसित भारत संकल्प यात्र के 63 कार्यक्रम हो चुके हैं जिसमें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 19033 मरीजों की स्क्रीनिंग पश्चात 452 मरीजों को रिफर किया तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 59 मरीजों का कंसेंट लिया गया। 14 मरीजों का निःक्षय रजिस्ट्रेशन, 9 मरीजों के बैंक खाते लिए गए हैं।

### 617 मधुमेह के मरीज मिले

इसी प्रकार 10 हजार 957 मरीजों को मधुमेह हेतु स्क्रीनिंग की गई जिनमें 617 लोगों को पॉजिटिव पाकर तत्काल दवा शुरू कर हिदायत दी गयी है कि परहेज पर रहें। बराबर दवा लें तथा हर हफ्ते दस दिन में अपना शुगर, डायविटीज की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य कराते रहें। सिकलसेल एनीमिया 7642 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई है। जिनमें 278 मरीजों को पॉजिटिव पाया गया है। जिन्हें कंफर्मेटरी टेस्ट हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर रिफर किया गया है। कन्फर्मेशन के बाद लगातार मेडिकेशन की प्रक्रिया की जाएगी। इससे सम्बंधित सिकल सेल पोर्टल पर भी हर दिन ऑनलाइन एंट्री की जाती है।

इसी तरह सभी ग्राम पंचायतों को कवर करने के उद्देश्य से बनाये गए रुट चार्ट के अनुसार होने वाले हेल्थ कैम्प में कुल 19 हजार 209 है जिसमें असंक्रामक रोगों से 996 चिन्हित मरीजों को हायर सेंटर रिफर किया गया है। इनसे बचाव हेतु 13 हजार 586 लोगों को कैम्प स्थल पर ही स्वच्छता पूर्ण जीवनशैली हेतु काउंसिलिंग, स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। साथ ही उच्च रक्तचाप हेतु 11099 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 889 लोगो को पॉजिटिव पाया गया। जिनको दवा वितरण किया गया। इन्हें अब स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बराबर मानिटरिंग किया जाएगा।

### 577 का कैंप में बना आयुष्मान कार्ड

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत प्रत्येक राशनकार्ड हितग्राही का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। कैंप में छूटे हितग्राहियों में से अभी 577 लोगों का कैम्प स्थल पर ही आयुष्मान कार्ड बनाया गया । 636 पहले से बने पीवीसी कार्ड का वितरण कर स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में बताकर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। कैम्प स्थल में ऐसे 233 लाभार्थियों से रूबरू कराया गया। ये चिन्हित मरीज मेरी कहानी–मेरी जुबानी के तहत अपने योजनाओं से हुए लाभ के बारे में वर्णन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले के बरमकेला विकासखंड के नगर पंचायत सरिया में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# टेमरी में मनी गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम टेमरी में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुआ। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर जिला पंचायत सदस्य सुमित्र घृतलहरे रोहित साहू सुनील कुर्रे मनीष चंद्राकर के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

- जयंती एवं मड़ई मेला कार्यक्रम में शामिल हुए कसडोल विधायक

सभी अतिथियों ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू ने ग्रामवासियों से गुरु घासीदास के सिद्धांतों एवं आदर्शों पर चलने का लोगों से आग्रह किया। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे–मनखे एक समान का नारा दिया था अर्थात हम सब को एक साथ मिलकर रहना चाहिए । साथ ही साथ ग्रामवासियों की मांग पर 6.50 लाख के सामुदायिक भवन के लिए घोषणा किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा की सत्य मनुष्य का आभूषण है बाबा गुरुघासीदास जी ने मनखे मनखे एक समान का सिद्धांत दिया उन्होंने करुणा प्रेम सत्य अहिंसा का संदेश दिया यह बहुत प्रभावशाली संदेश है इसे आत्मसात करना चाहिए। उक्त अवसर पर सरपंच तानसेन चतुर्वेदी लेख राम गनहरे महेश ढिढी महेश बारले उपसरपंच रामा पटेल जी शेरखान पिंटू वर्मा मन्नू ध्रुव हेमचंद पटेल जगमोहन घृतलहरे राजेश नवरंगे अर्जुन ध्रुव कृष्णा ध्रुव सुंदर लाल पटेल जोतराम निषाद भारत पटेल रामेश्वरी पटेल ममता पटेल तोशराम साहू अर्जुन निषाद हित्तू घृतलहरेजी मुकुत राम फेरहा यादव जगमोहन घृतलहरे टिकेश्वर वर्मा श्यामरत पटेल उत्तम यादव दुजराम पटेल आशीष पटेल राजू पटेल मनीराम ध्रुव संतोष यादव भीखम नवरंगें रेशम लाल कुर्रे राजकुमार ध्रुव सहित ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## नवा रायपुर प्रीमियर लीग 3 से कर्मचारी संघ का आयोजन

**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन 3 जनवरी से सेक्टर 25 स्थित ग्राम राखी स्कूल के सामने मैदान पर किया जा रहा है। आयोजन के रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। विधायक गुरु खुशवंत साहेब कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विजय बघेल सांसद दुर्ग, इंद्र कुमार साहू, विधायक अभनपुर एवं नवीन मार्कण्डेय, पूर्व विधायक एनपीएल समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों का शासकीय कार्यों के प्रति मानसिक, शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि करने के साथ उनकी प्रतिभा व फिटनेस को जीवित रखने का एक माध्यम है। विगत पांच वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। नवा रायपुर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में क्रिकेट के साथ बैडमिंटन, कैरम, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### किसान या आवेदकों...

बलौदा बाजार जिले के राज्य में तीसरे–चौथे स्थान पर होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में शीघ्र ही राजस्व विभाग के राज्य व जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। बहुत से पटवारियों के अपने हल्का में अनुपस्थिति के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारियों के कार्य करने के लिए भवन बनाए गए हैं। उन्हें अब अपना रवैय्या बदलना पड़ेगा और मुख्यालय में रहकर लोगों के कार्यों का त्वरित निपटारा करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की राज्य सरकार द्वारा कई स्थानों पर तहसील कार्यालय प्रारंभ कर दिया गया है परंतु इन कार्यालयों में स्टाफ की कमी से लोग परेशान हो रहे हैं। रिक्त पदों पर भर्ती हेतु मुख्यमंत्री से चर्चा कर इन पदों को भरने का प्रयास किया जायेगा। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तहसील कार्यालयों में कैमरे लगाये जाने के निर्देश एवं उस पर पूर्णतरू अमल नहीं होने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि कैमरे की उपयोगिता की समीक्षा कर अगला निर्णय लिया जाएगा। पूर्व में भाजपा के 15 वर्षीय कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों को भरपूर प्रोत्साहन देने के अलावा उनका सम्मान भी किया जाता था। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी प्रतिभाएँ छिपी हुई है। हमारा प्रयास रहेगा कि उन्हें खेल का उपयुक्त माहौल उपलब्ध कराया जाए। ताकि राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर राज्य के खिलाड़ी परचम लहरा सकें। अवैध शराब, सट्टा,माफिया आदि अवैधानिक कृत्य में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। इसके पूर्व उनके आगमन पर सर्किट हाऊस में पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके अलावा प्रोटोकाल अधिकारी, तहसीलदार व अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, योगेश अग्रवाल, अनिल गुप्ता, विजय केसरवानी, मंडल अध्यक्ष शहर संकेत शुक्ला, अशोक जैन, नरेश केसरवानी, कपिल कश्यप, राजेश वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, शशी शुक्ला, नरेंद्र कश्यप, भाजयुमो अध्यक्ष अजय गर्ग आदि उपस्थित थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# राज्य स्तरीय मड़ई मेले में मयूरी सामूहिक डांस ग्रुप सारंगढ़ रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

ग्राम कोलिहा के ग्रामीण युवाओं द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मड़ई मेला एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के साथ–साथ अन्य प्रांत के भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। डांस प्रतियोगिता में मयूरी सामूहिक डांस ग्रुप सारंगढ़ ने प्रथम इनाम जीता है।

■ राज्य सहित अन्य प्रांतों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

आयोजक समिति नवयुवक जन जागरण समिति के संरक्षक एवं संचालक डॉक्टर हरिकिशन वर्मा, अध्यक्ष लोमश वर्मा उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा सचिव राजेश वर्मा मुकेश वर्मा रामसनेही वर्मा ने जानकारी दी कि ग्राम कोलिहा में विगत कई वर्षों से आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय मड़ई मेला एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी मुख्य अतिथि कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी धनीराम धीवर कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोलिहा के सरपंच कामिनी रामखेलावन वर्मा अनुराग पांडे पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन विशिष्ट अतिथि पवन कुमार साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा बाजार विजय यादव भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष हरीश साहू रामलाल कुर्रे सतीश पांडे मृत्युंजय पांडे कोमल प्रसाद वर्मा जनपद सदस्य उपसरपंच रूपचंद मन हरे भाजपा महामंत्री गोविंद गोविंद घृतलहरे सभी पंचों द्वारा विधि विधान पूर्वक सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं श्रीफल फोड़ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### 46 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ–साथ अन्य प्रान्त के भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी- अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस वर्ष 2024 नववर्ष के आगमन के पूर्व तैयारी में आयोजित की जाने वाली डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में कुल 46 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। सामूहिक डांस के प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए मयूरी डांस ग्रुप सारंगढ़ को धनी राम धीवर द्वारा प्रदान किया गया।

### ग्राम कोलिहा में राज्य स्तरीय मड़ई मेला व डांस स्पर्धा



**इनका रहा योगदान:** कार्यक्रम के सफल आयोजन में संरक्षक एवं संचालक डॉक्टर हरिकिशन वर्मा अध्यक्ष लोमश वर्मा उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा सचिव राजेश कुमार वर्मा मुकेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष रामसनेही वर्मा वर्मा सह सचिव तमराज वर्मा कृष्णा कश्यप मुकेश कुमार राम प्रकाश वर्मा अजय श्रीवास अमित कुमार वर्मा आनंद राम वर्मा बंसीलाल धीरेंद्र कश्यप ग्राम पंचायत कोलिहा के सरपंच कामिनी खेलावान वर्मा सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### ठीक से बाथरूम साफ रखने कहा तो दांत से काट दिया

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला के खिलाफ दांत से काटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लभांडी निवासी रामसनी सेन ने रुक्मणि साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रामसनी ने पुलिस को बताया कि उसने रुक्मणि को अपने घर का बाथरूम ठीक से साफ रखने के लिए कहा। इससे नाराज होकर रुक्मणि ने उसकी उंगली को अपने दांतों से काट दिया।

### आपसी रंजिश पर हत्या, चार को उम्रकैद

**रायपुर।** पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश पर एक ऑटो चालक की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने चार युवकों को उम्रकैद के साथ एक-एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लीलाधर साय यादव की कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक आदित्य झा के मुताबिक कोर्ट ने चेतन साहू की हत्या के आरोप में यशवंत जायसवाल उर्फ बबलू, सुमीत घोष, अभय शर्मा तथा प्रतीक सोनी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक 25 मई 2021 को चारों बदमाशों ने चेतन को कुशलापुर स्थित मलसाय तालाब के पास बुलाकर उसके साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर हालत में मौके पर छोड़कर फरार हो गए। चेतन की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी।

### दबंगई: महानदी पर बने एनीकट का गेट अज्ञात लोगों ने खोला, बह गया पानी

# पहंदा में ठंड के मौसम में गहराया जलसंकट, निस्तारी की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

महानदी के किनारे बसे ग्राम पहंदा में ठंड के दिनों भी जलसंकट गहराया हुआ है। एनीकट का गेट कुछ लोगों के द्वारा खोल दिए जाने के कारण ज्यादातर पानी बह गया है। निस्तारी के लिए पानी की तलाश में लोग इधर- उधर भटक रहे हैं।

जानकारी के अनुसार लवन से 10 किलोमीटर दूर महानदी किनारे बसे एक हजार की जनसंख्या वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम पहंदा में इन दिनों निस्तार पाने के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण परेशान होकर इधर–उधर भटकने के लिए मजबूर हैं। बरसात के दिनों में ग्राम पहंदा बारिश के पानी से चारों ओर घिर जाता है, गांव टापू बन जाता है जहां इन दिनों पानी के लिए तरस रहे हैं। दरअसल ग्राम पहंदा में बने एनीकट से अज्ञात लोगों ने गेट से खोल दिया गया है, जिससे निस्तार पानी की गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। यहां प्राथमिक शाला है जहां तीन शिक्षक हैं और विद्यार्थियों की संख्या डेढ़ सौ की है।इस गांव से आजादी के बाद से आज तक एक भी परिवार या व्यक्ति नौकरी पेशा नहीं हो सका है। 1000 की जनसंख्या वाले आदिवासी बहुल ग्राम में 700 की जनसंख्या कंवर समाज की है। लगभग 200 की केंवट समाज और 100 की जनसंख्या में तेली यादव और अन्य समाज हैं। यहां कृषि कार्य के लिए 700 एकड़ जमीन है। जिससे ग्रामीण सिर्फ कृषि कार्य ही धान की फसल उगा सकते हैं। यहां 40 प्रतिशत मजदूर किसान बाहर के प्रदेश में कमाने खाने प्रतिवर्ष जाते हैं। जहां ईद भट्ठा या हाजिरी मजदूरी का कार्य करते हैं। विद्यार्थियों को सिर्फ चावल का लाभ लेने के लिए गांव में छोड़ देते हैं, जो पढ़ाई भी करते हैं।

### रेत उत्खनन, तरबूज की बाड़ी लगाने का सिलसिला जारी



### उच्चाधिकारियों को दी गई

ग्राम खैरा के पूर्व जनपद सदस्य जीवन साहू ने बताया कि पहंदा में निस्तार पानी की गंभीर समस्या है जिसे निराकरण करने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। ग्राम पंचायत खैरा जिसके आश्रित ग्राम पहंदा है के सरपंच अमृत देवी रमैया यादव ने बताया कि गांव में आंगनवाड़ी भवन, नदी पार में पचरी निर्माण, महामाया मंदिर जीर्णोद्धार, बोल बम चबूतरा निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके बावजूद गांव में अनेक समस्याएं हैं।

### गांव में तालाब- कुआं नहीं, चार हैंडपंप के सहारे लोग

गांव में एक भी तालाब या कुआं नहीं है। सिर्फ तीन–चार हैंडपंप के सहारे पीने की पानी का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यहां लोगों का जीना दूभर है। बरसात में टापू की समस्या, गर्मी में काम की समस्या और इन दिनों नहाने की समस्या। लोगों को परेशानी में डाल रखी है। ग्राम पहंदा में मुडियाडी ग्राम के नाम से बनी महानदी एनीकट के सहारे निस्तार होती थी। जहां इन दिनों रेत का अवैध उत्खनन करने वाले या मछली की चोरी करने वाले अथवा तरबूज की बाड़ी लगाने के चक्कर में एनीकट के गेट को खोला गया है। जिससे महान नदी में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया गया कि 1213 खसरा नंबर जो कि महानदी पर बने एनीकट के ऊपर व नीचे की जमीन का है। जिसमें कई सालों से तरबूज की बाड़ी पाल कच्छार में लगाया करते थे। एनीकट के बन जाने से पानी भरने के कारण तरबूज की बड़ी नहीं हो पाती। इसी के चक्कर में बताया गया कि कुछ लोग पानी को खोल दिया गया है ताकि तरबूज की बाड़ी लग सके।

# सूने मकान से लाखों की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के पॉश क्षेत्र इन दिनों चोरों का बोलबाला है। बीती रात समृद्धि कालोनी निवासी हीरालाल अग्रवाल के मकान में साढ़े पांच लाख से ऊपर की चोरी हुई है। परिवार जगन्नाथ पुरी दर्शन करने 2 दिनों के लिए गया था। पड़ोसी ने ताला टूटा देखा तो घर में चोरी होने की सूचना दी। इसके बाद परिवार आनन फानन में लौटा। घर का ताला और खिड़की की रॉड टूटी देखी तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। घर मालिक ने बताया की 6 माह पहले भी उसके घर में चोरी हुई थी।

चोरी की सूचना मिलते ही पुरी से लौटे अग्रवाल परिवार ने अंदर प्रवेश किया तो घर के मुख्यद्वार की कुंडी टूटी हुई थी। घर के अंदर जाने पर आलमारी का ताला खुला तथा सभी सामान बिखरा पड़ा मिला। प्रार्थी ने पुलिस को बताया की आलमारी में रखे जेवरात और नकदी समेत करीबन 5.50 लाख रुपए अज्ञात चोर ले गए हैं। लाखों की चोरी की सूचना सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर भी चोर ले उड़े थे। इसके अलावा इनके घर में 6 माह पहले भी तकरीबन 9 से 10 लाख की चोरी हो चुकी है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है।

■ नकदी व जेवरात ले गए

■ पुलिस की गिरफ्त से बाहर चोर

### चोरों की तलाश जारी: टीआई

सिटी कोतवाली प्रभारी अमित तिवारी ने बताया की समृद्धि कॉलोनी में बीती रात लगभग साढ़े पांच लाख की चोरी हुई है। चोरों ने मकान में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी पार कर दिए हैं। चोरों की तलाश की जा रही है।

# 386 छात्र–छात्राओं ने नव वर्ष पर दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति




**लवन ।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवननगर के 386 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के गीत, नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर नववर्ष का जश्न मनाया। विद्यार्थियों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम से देर रात्रि तक चलता रहा। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं स्टाफ सहित समस्त कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र सिका ने बताया कि नवोदय विद्यालय में शिक्षा के साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विशेष फोकस रखा जाता है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले नवोदय विद्यालय के छात्र–छात्राओं को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय भ्रमण के तहत बाबा गुरु घासीदास बाबा की जन्म स्थली गिरौधपुरी एवं पुरातात्विक स्थल मल्हार चिड़ियाघर कानन पिंडारी आदि स्थानों का भ्रमण कराया गया था ।

## अयोध्या से आए कलश को लेकर निकली शोभायात्रा...



**खरोरा।** अयोध्या में श्रीरामलला की के प्राण प्रतिष्ठा के लिए ग्राम ईल्दा में कलशयात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम इल्दा मे अयोध्याधाम से आए कलश यात्रा कर घर- घर जाकर प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की गई। जिसमें समस्त ग्रामवासी ने इस पुनीत कार्य में बढ़- चढ़ कर शोभा यात्रा में भाग लिया। यह जानकारी परमानंद साहू ने दिया।

# अवैध शराब परिवहन, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

नववर्ष के पूर्व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने हेतु प्राप्त निर्देश के परिपालन में थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एंव अनुज कुमार के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट तहत की गई।

■ बाइक भी की गई जब्त

धारा 34,2 आबकारी एक्ट आरोपी संजय जलतारे पिता खेदू राम जलतारे 40 वर्ष साकिन छतौद थाना नेवरा जिला रायपुर को अपने मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक सीजी 04 एलएन 5577 में अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है कि सूचना पर ग्राम हिरमी में सिन्हा डेली नीड्स के पास उनके कब्जे से 33 पौवा देशी मशाला शराब कुल मात्र 5.94 बल्क लीटर एवं परिवहन मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा, सउनि बिरेन्द्र सिंह,सउनि पवन सिन्हा, समीर शुक्ला, राकेश ठाकुर, आरक्षक सुरेश कुमार वर्मा ,दिनेश चंद्रवंशी, करण साय पैंकरा, दीपक ध्रुव, का विशेष योगदान रहा।




# गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों पर चलकर पाएं सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरखोर में 30 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एकसमान के आदर्शों को अपनाएं।

■ पंथी नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक संदीप साहू

विधायक श्री साहू गांव में कार्यक्रम स्थल से दूर अपने वाहन से उतरकर गांव के युवाओं से मिलते, बड़े बुजुर्गों एवं माताओं से आशीर्वाद लेते हुए पैदल कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। सर्वप्रथम गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना की। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी ही सौभाग्य की बात है कि हम उस जिले में निवास करते हैं, जहाँ परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का जन्म स्थली और तपोभूमि है। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का जो नारा दिया है वह मानव जाति के लिए प्रेरणा है। बाबा के बताए आदर्शों पर चलने वाले हर व्यक्ति को तरक्की और सम्मान मिलता है। वही विधायक संदीप साहू ने पंथी नृत्य कर रहे बच्चों के बीच जाकर स्वयं पंथी नृत्य कर आनंद लिया। वही ग्रामवासियों की मांग पर 4 लाख रु की रोड बनाने घोषणा की। कार्यक्रम को परमेश्वर यदु एवं प्रताप डहरिया ने भी संबोधित किया। अवसर पर श्रीमती ललिता यदु, देवीलाल बार्वे, गुरुदयाल यादव, सतीश पांडे, अमर मिश्रा ,सरपंच श्रीमती जगरी बाई कुर्रे,बउआ बंजारे, दिलीप नवरत्न ,गिरजा बंजारे, संतोष कुर्रे, कौशल साहू ,भागचंद पटेल ,ईश्वर पटेल ,मोहन बंजारे ,विजय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।







